Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

Title: Need to release adequate funds to the Government of Madhya Pradesh for ensuring timely implementation of projects under Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojna.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष जी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना एक महत्वपूर्ण ग्राम विकास की कड़ी है जिससे न केवल प्रत्येक गांव को पक्की सड़कों से जोड़ने का संकल्प है, किंतु इससे गांवों में व्यावसायिक या व्यापारिक अवसर बढ़ेंगे । ग्रामीण उद्योगों को भी स्थापित किए जाने में सुविधा प्राप्त होगी तथा गांवों से शहरों की ओर का पलायन भी रुकेगा । मूलतः इस योजना के तहत र्वा 2007 तक सीधे गांवों का संपर्क सड़कों द्वारा होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था किंतु वार्िक लक्ष्य की पूर्ति की दृटि से धनराशि केंद्र द्वारा नहीं दिए जाने के कारण अनेक राज्य अपने निर्धारित वार्िक लक्ष्य से भी पीछे रह गए हैं । इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान प्रमुख हैं । जहां तक मध्य प्रदेश का संबंध है इस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क ि वकास योजना में धनाभाव के कारण काफी पीछे है । यही कारण है कि माननीय सांसदों के संसदीय क्षेत्रों में जो सड़कें र्वा 2004-05 को पूर्ण होनी थी, संभवतः वे र्वा 2006 में पूरी होंगी । कार्य समयावधि में पूरे हों ।

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध होगा कि इस योजना को समयावधि में पूरा किए जाने की दृटि से मध्य प्रदेश को आवश्यक धनराशि तुरंत उपलब्ध कराई जाए ।